

गायकवाड़ को करना होगा इंतजार, धवन के लिए सीरीज अहम

घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम में जगह बनाने वाले रूतुराज गायकवाड़ को डेब्यू के लिए अभी इंतजार करना होगा । धवन के लिए यह तीनों मैच काफी अहम होंगे क्योंकि टी20 टीम में अपनी जगह वह पहले ही खो चुके हैं। कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे जबकि चौथे नंबर के लिए सूर्यकुमार यादव और श्रेयस अय्यर के बीच में से चयन होगा। ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और वेंकटेश अय्यर छठे नंबर पर उतरकर डेब्यू कर सकते हैं ।

## सात साल में पहली बार मैदान पर उतरेंगे बल्लेबाज कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)। सात साल में पहली बार सिर्फ बल्लेबाज के तौर पर भारतीय टीम में खेल रहे विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी जब केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को पहला एक दिवसीय क्रिकेट मैच खेलने उतरेगी। वह क्रीज पर बल्लेबाजी करें या सीमारेखा के पास फील्डिंग, कोहली की हर एक गतिविधि पर प्रशंसकों की नजरें होंगी हालांकि राहुल की कप्तानी को भी कसौटी पर कसा जाएगा। देखना यह भी होगा कि वह हमेशा की तरह मैदान पर जोश और आक्रामकता से भरे दिखते हैं या टेस्ट कप्तानी के साथ क्रिकेट के हर प्रारूप में कप्तानी छोड़ने के बाद मैदान पर उदासीन नजर आते हैं। टी20 के बाद वह वनडे कप्तानी नहीं छोड़ना चाहते थे और इस मसले पर उनकी बीसीसीआई से ठन भी गई। उनके प्रशंसक और भारतीय क्रिकेट यही दुआ कर रहा होगा कि बीसीसीआई से अपने विवाद को भुलाकर वह अपने करियर की नयी पारी का आगाज करें जिसमें सिर्फ उनका बल्ला बोलता हो।

# मुझे टेस्ट कप्तान बनाया जाता है तो यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी

क्रिकेट

## भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत आज से होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पार्ल (साउथ अफ्रीका)। भारतीय के कार्यवाहक वनडे कप्तान केएल राहुल मंगलवार को कहा कि अगर उन्हें टेस्ट कप्तान बनाया जाता है तो यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत बुधवार से होगी। तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच पार्ल में खेला जाएगा। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने भारत को टेस्ट सीरीज में 2–1 से हराया था।

भारत की वनडे टीम की कप्तान रोहित शर्मा की गैर–मौजूदगी में राहुल को साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। रोहित हैमस्ट्रिंग में चोट के चलते इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सीरीज में टीम के उपकप्तान होंगे।

राहुल ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैंने अभी इस बारे में नहीं सोचा है। अभी तक सिर्फ खबरें और आर्टिकल ही छप रहे हैं। मुझे जोहानिसबर्ग में टेस्ट टीम की कप्तानी करने का मौका मिला। यह बहुत खास लम्हा था। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया लेकिन यह मेरे लिए सीखने का बहुत अच्छा अनुभव था। यह एक ऐसा अनुभव था जिस पर मैं हमेशा गर्व करूंगा।



राहुल ने आगे कहा, देश की कप्तानी करना हर किसी के लिए खास होता है और मैं कोई अलग नहीं हूं। अगर मुझे यह भूमिका दी जाती है तो, हां यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी। यह काफी रोमांचको होगा। मैं भविष्य के बारे में नहीं सोच रहा हूं, मैं सिर्फ वर्तमान पर ध्यान दे रहा हूं।

राहुल का यह बयान विराट कोहली के टेस्ट कप्तानी छोड़ने के कुछ दिन बाद आया है। कोहली भारत के सबसे कामयाब टेस्ट कप्तान हैं। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत की कमान संभाली है जिसमें से टीम इंडिया ने 40 में जीत हासिल की है। कोहली से ज्यादा टेस्ट सिर्फ ग्रीम स्मिथ, रिकी पॉन्टिंग और स्टीव वॉ ने जीते हैं।

पिछले साल कोहली ने टी20 टीम की कप्तानी छोड़ी थी और इसके बाद उन्हें वनडे टीम की कप्तानी से हटा दिया गया था। सिलेक्टर्स सफेद बॉल के फॉर्मेट में एक ही कप्तान चाहते थे।

# हर प्रारूप में रोहित शर्मा को बनाना चाहिए टेस्ट टीम का कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि भारत के स्टार ओपनर रोहित शर्मा को टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने में कोई हर्ज नहीं है क्योंकि वो क्रिकेट के सभी प्रारूप में देश के बेस्ट प्लेयर हैं। विराट कोहली ने टेस्ट टीम की कप्तानी अचानक से छोड़ दी और इसके बाद अजहर ने अपनी बात सबके सामने रखी। अजहर का मानना है कि भारत को रोहित शर्मा के साथ जाना चाहिए।

अजहर ने एक टीवी न्यूज चैनल से बात करते हुए कहा कि अगर वह सभी प्रारूपों में आपका नंबर 1 खिलाड़ी है, तो समस्या क्या है। ये पूछे जाने पर कि क्या



चयनकर्ताओं को ऐसे उम्मीदवार की तलाश करनी चाहिए जो अगले 5–6 वर्षों तक समय का नेतृत्व कर सके। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि 5–6 साल आगे देखना एक लंबा समय है। आपको निश्चित रूप से आगे देखना चाहिए, लेकिन साथ ही तुरंत देखने की जरूरत है। केवल आगे देखने के लिए, आप एक अनुभवहीन खिलाड़ी को आप कप्तानी नहीं दे सकते क्योंकि इससे समस्या हो सकती है।

अजहर ने कहा कि मुझे लगता है कि रोहित शर्मा एक अच्छे खिलाड़ी हैं और एक अच्छा कप्तान भी साबित हो सकता है। वह दो या तीन साल और क्रिकेट खेल सकता है लेकिन उसकी फिटनेस बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि उसकी हैमस्ट्रिंग बार–बार कमजोर हो जाती है। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित शर्मा भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसके बारे में अजहर ने कहा कि उनके नहीं होने से मेजबान टीम फायदे की स्थिति में रहेगी। वो गेंदबाजों पर हमला करते हैं और एक ओपनर के रूप में आक्रामक अंदाज में खेलते हैं। मेरे पास जो भी अनुभव है और जो भी क्रिकेट मैंने खेला है, मुझे लगता है कि टेस्ट टीम की कप्तानी रोहित को ही दी जानी चाहिए।

## विराट कोहली और सौरभ गांगुली के बीच मनमुटाव ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली और सौरभ गांगुली के रिश्ते हालिया वक्त में काफी चर्चा में रहे हैं। सफेद बॉल क्रिकेट में कप्तानी को लेकर दोनों ने अलग–अलग राय जाहिर की। इसके बाद यह विवाद सतह पर आ गया। कोहली ने 15 जनवरी को टेस्ट कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया। इसके बाद इन अटकलों को और हवा मिली कि इन दोनों के बीच में सब कुछ ठीक नहीं। हालांकि कोहली ने टेस्ट कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले को निजी फैसला बताया था। वहीं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी कोहली के इस्तीफे को सम्मान के साथ स्वीकार किया। लेकिन पूर्व पाकिस्तानी कप्तान राशिद लतीफ को लगता है कि भले ही दोनों खुले तौर पर कुछ न कहें लेकिन दोनों के बीच में मनमुटाव है। लतीफ ने अपने शो कॉट बिहाइंड में कहा, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बोर्ड के साथ आपका मन–मुटाव होता है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि विराट क्या कहते हैं और सौरभ गांगुली क्या ट्वीट करते हैं, यह दो दिग्गजों के बीच की लड़ाई है।

## न्यूज डायरी



### लखनऊ फ्रैंचाइजी ने केएल, स्टॉयनिस और रवि बिश्नोई को टीम में किया शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। माना जा रहा है कि साउथ अफ्रीका में व्न्ड सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे राहुल को लखनऊ टीम की भी कप्तानी सौंपी जा सकती है। लखनऊ ने इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर स्टॉयनिस और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को चुना है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के मुताबिक लखनऊ की टीम फरवरी में होने वाली नीलामी में 60 करोड़ रुपये के पर्स के साथ जाएगी। राहुल के लिए टीम ने 15 करोड़ रुपये दिए हैं। वहीं स्टॉयनिस के लिए 11 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसके साथ ही रवि बिश्नोई के लिए लखनऊ की फ्रैंचाइजी ने चार करोड़ रुपये की रकम खर्च की है। 29 साल के राहुल को लखनऊ की फ्रैंचाइजी ने अपनी पहली पसंद बनाया है। पिछले साल 7090 करोड़ रुपये में आरपी संजीव गोयनका ग्रुप ने लखनऊ फ्रैंचाइजी को खरीदा था। राहुल 2018 से आईपीएल के सबसे अच्छे बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं। इससे पहले वह किंग्स इलेवन पंजाब की टीम के कप्तान थे।

### विराट कोहली ने राहुल द्रविड़ की वजह से छोड़ी टेस्ट टीम की कप्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टी 20 टीम की कप्तानी विराट कोहली ने अचानक से छोड़ने का फैसला किया था और अब उन्होंने टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला भी उन्होंने अचानक से ही लिया। विराट के इस फैसले के लिए कई क्रिकेट पंडितों का कहना है कि विराट ने वर्कलोड कम करने के लिए ये फैसला किया। कईयों का कहना है कि अपनी खराब फार्म को देखते हुए उन्होंने ये कदम उठाया। अब इस मामले में पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर सलमान बट ने भी अपनी राय पेश की। वैसे विराट कोहली ने टेस्ट की कप्तानी क्यों छोड़ी इसकी वजह उन्हें ही पता है, लेकिन इसका खुलासा कोहली ने अब तक तो नहीं किया है। विराट कोहली ने टेस्ट कप्तानी छोड़ने का फैसला क्यों किया इस पर सलमान बट ने अपनी राय पेश करते हुए कहा कि हो सकता है कि इसके पीछे कोहली और हेड कोच राहुल द्रविड़ का व्यक्तित्व हो। द्रविड़ शांत प्रवृत्ति के हैं जबकि विराट कोहली आक्रामक हैं।

### पूर्व आईपीएल क्रिकेटर आर सतीश का दावा, मिला था फिक्सिंग का ऑफर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व प्रथम श्रेणी और आईपीएल क्रिकेटर राजागोपाल सतीश को तमिलनाडु प्रीमियर लीग के दौरान मैच फिक्स करने के लिए कथित तौर पर 40 लाख रुपये की पेशकश की गई थी। सतीश चेपॉक सुपर गिल्लिस टीम का हिस्सा थे। तमिलनाडु का यह पूर्व क्रिकेटर आईपीएल में मुंबई इंडियंस , पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुका है। बन्नी आनंद नाम के व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर उन्हें यह पेशकश की थी। बीसीसीआई एसीयू के प्रमुख शब्बीर खंडवावाला ने बताया, 'उसने हमें और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस महीने बताया कि उसे सोशल मीडिया के जरिये रिश्वत देने की पेशकश की गई थी। हमने उसे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने को कहा। उसने ऐसा ही किया और पुलिस मामले की जांच कर रही है।'

### बीबीएल में खेलने वाले पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर बने उनमुक्त चंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 2012 में अपनी कप्तानी में भारत को अंडर–19 विश्व कप जिताने वाले उनमुक्त चंद बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की इस टी–20 लीग में मेलबर्न रेनगेड्स के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आज डेब्यू किया। होबार्ट हरीकेंस के खिलाफ मेलबर्न रेनगेड्स ने उन्हें प्लेइंग इलेवन में मंगलवार को मौका दिया। आईपीएल में उन्मुक्त चंद दिल्ली, मुंबई और राजस्थान के लिए खेले, लेकिन प्रभावित करने में असफल रहे। बीते साल संन्यास लेने के बाद उनमुक्त अमेरिका चले गए और वहां माइनर लीग क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। इसी के बूते उन्हें यह मौका मिला। उनमुक्त चंद ने महज 52 गेंदों में ही अपना शतक पूरा किया था।